# अध्याय 2

# वर्गीकरण या विषमता

किन्हीं शब्दों/अक्षरों/अंकों के समूह में दिए गए तत्वों को उनके सामान्य गुणधर्म के आधार पर समूहबद्ध करते हुए उनमें से ऐसे शब्द/अक्षर/अंक को वर्गीकृत करने की प्रक्रिया, जो उस समूह में नहीं आते हैं, 'वर्गीकरण' कहलाती है। इस परीक्षण के अन्तर्गत ऐसे प्रश्न पूछे जाते हैं, जिनमें किसी विशेष गुणों के आधार पर कुछ शब्दों/अक्षरों/अंकों का एक समूह दिया जाता है, जिसमें से एक शब्द/अक्षर/अंक को छाँटना होता है, जो उस समूह में उपस्थित अन्य शब्दों/अक्षरों/अंकों के समान गुण न रखता हो।

*वर्गीकरण परीक्षण से सम्बन्धित प्रायः निम्न तीन प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं*

1. शब्द वर्गीकरण 2. अक्षर वर्गीकरण 3. संख्या वर्गीकरण

## शब्द वर्गीकरण

शब्द वर्गीकरण परीक्षण के अन्तर्गत चार शब्द दिए जाते हैं, जिनमें से तीन किसी विशेष गुणधर्म के आधार पर एक समूह बनाते हैं जबकि एक इस समूह से भिन्न होता है। परीक्षार्थियों को इस भिन्न शब्द को उस समूह में से छाँटना होता है।

**उदाहरण 1** दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द को चुनिए।

(a) मील (b) सेन्टीमीटर (c) लीटर (d) गज

*हल (c)* 'लीटर' के अतिरिक्त अन्य सभी से लम्बाई नापी जाती है। जबकि 'लीटर' में तरल पदार्थ को नापा जाता है। अतः लीटर अन्य सभी से भिन्न है।

## अक्षर वर्गीकरण

अक्षर वर्गीकरण के अन्तर्गत चार अक्षर/अक्षर-समूह दिए जाते हैं, जिनमें से तीन अंग्रेजी वर्णमाला की स्थिति के आधार पर किसी विशिष्ट नियमानुसार एक समूह बनाते हैं जबकि एक इस समूह से भिन्न होता है।

इसी भिन्न अक्षर/अक्षर समूह को वर्गीकृत करने की योग्यता की जाँच ही इस प्रकार में की जाती है।

इस पर आधारित प्रश्नों को हल करने हेतु परीक्षार्थी को अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षरों के क्रमांकिक मान की जानकारी होना आवश्यक है, *जो निम्नलिखित हैं*

**अंग्रेजी अक्षर व उनका क्रमांकिक मान**

| A | B | C | D | E | F | G | H | I | J | K | L | M |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |

**अंग्रेजी अक्षर व उनका क्रमांकिक मान**

| N | O | P | Q | R | S | T | U | V | W | X | Y | Z |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |

**उदाहरण 2** दिए गए विकल्पों में से विषम अक्षरों को चुनिए।

(b) GHI (b) XYZ (c) VUT (d) CDE

*हल (c)*




उपरोक्त से स्पष्ट है कि VUT सबसे अलग है।

## संख्या वर्गीकरण

संख्या वर्गीकरण के अन्तर्गत चार संख्याएँ दी जाती हैं, जिनमें से तीन अंकगणितीय नियम एवं सिद्धान्तों के आधार पर किसी विशिष्ट नियमानुसार एक समूह बनाते हैं जबकि एक इस समूह से भिन्न होती है। इसी भिन्न संख्या को वर्गीकृत करने की योग्यता की जाँच ही इस प्रकार में की जाती है।

**उदाहरण 3** दिए गए विकल्पों में से विषम संख्या को चुनिए।

(a) 43 (b) 22 (c) 13 (d) 41

*हल (b)* संख्या 22 के अतिरिक्त अन्य सभी अभाज्य संख्याएँ हैं, जबकि संख्या 22 एक सम संख्या है।

अतः संख्या 22 सबसे अलग है।

# अभ्यास के लिए प्रश्न

## शब्द वर्गीकरण

**निर्देश** (प्र.सं. 1-10) *नीचे दिए गए प्रश्नों में कुछ अर्थपूर्ण शब्द/शब्द समूह दिए गए हैं, जिनमें से तीन किसी-न-किसी प्रकार से समान हैं अर्थात् ये अपने एक समूह का निर्माण करते हैं। आप वह शब्द/शब्द समूह चुनिए, जो इस समूह में नहीं आता हो।*

**1.** (a) वर्ग (b) वृत्त (c) आयत (d) त्रिभुज

**2.** (a) सूत (b) टेरीन (c) रेशम (d) ऊन

**3.** (a) प्रकाश (b) तरंग (c) ऊष्मा (d) ध्वनि

**4.** (a) मिजोरम (b) सिक्किम (c) कोहिमा (d) मणिपुर

**5.** (a) भूगोल (b) भौतिकी (c) रसायन विज्ञान (d) जीव विज्ञान

**6.** (a) मीठा (b) कड़वा (c) नमकीन (d) स्वादहीन

**7.** (a) सिंह (b) कछुआ (c) बकरी (d) किन्नर

**8.** (a) टोली (b) समूह (c) भीड़ (d) वर्ग

**9.** (a) टमाटर (b) आलू (c) गाजर (d) प्याज

**10.** (a) मकान (b) अपार्टमेण्ट (c) भवन (d) संस्था

## अक्षर वर्गीकरण

**निर्देश** (प्र.सं. 11-15) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में चार अक्षर समूह दिए गए हैं, इनमें से विषम अक्षर समूह चुनिए।*

**11.** (a) AEFJ (b) KOPT (c) UYZD (d) EHIL

**12.** (a) YB (b) XC (c) VE (d) PO

**13.** (a) BFJ (b) RUZ (c) GJO (d) ILQ

**14.** (a) GEC (b) PNL (c) VUS (d) TRP

**15.** (a) AEG (b) HLN (c) OSV (d) VZB

## संख्या वर्गीकरण

**निर्देश** (प्र.सं. 16-20) *नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में चार संख्या/संख्या युग्म दिए गए हैं, इनमें से विषम संख्या/संख्या युग्म चुनिए।*

**16.** (a) 21 (b) 69 (c) 81 (d) 83

**17.** (a) 72 (b) 45 (c) 81 (d) 28

**18.** (a) 527 (b) 639 (c) 246 (d) 356

**19.** (a) 24 (b) 60 (c) 124 (d) 210

**20.** (a) 14, 9 (b) 17, 8 (c) 42, 3 (d) 21, 6

## विगत् वर्षों के प्रश्न

**निर्देश** (प्र. सं. 21-23) *दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या युग्म चुनिए।*
**[SSC कांस्टेबल, 2015]**

**21.** (a) RN (b) JG (c) UQ (d) NJ

**22.** (a) एसएमएस (b) स्पीड पोस्ट (c) मनीऑर्डर (d) पत्र

**23.** (a) 22 (b) 18 (c) 12 (d) 15

**24.** दिए गए विकल्पों में से विषम अक्षर चुनिए। **[SSC कांस्टेबल, 2013]**
(a) XWVU
(b) SRQP
(c) NMLK
(d) EDCA

**निर्देश** (प्र. सं. 25-31) *दिए गए विकल्पों में से उसे चुनिए जो अन्य तीन से भिन्न है।*
**[SSC कांस्टेबल, 2012]**

**25.** (a) 21-37 (b) 42-26 (c) 35-51 (d) 56-38

**26.** (a) गेहूँ (b) सरसों (c) जौ (d) मक्का

**27.** (a) बस (b) स्कूटर (c) कार (d) साइकिल

**28.** (a) ACE (b) GIK (c) JLM (d) SUW

**29.** (a) आँखें (b) नाक (c) ओंठ (d) गला

**30.** (a) DCB (b) NML (c) PQS (d) TSR

**31.** (a) 123-148 (b) 139-164 (c) 156-181 (d) 177-201

**निर्देश** (प्र. सं. 32-34) *दिए गए विकल्पों में से भिन्न संख्या/अक्षर/शब्द चुनिए।*
**[SSC कांस्टेबल, 2011]**

**32.** (a) लोहा (b) एल्युमीनियम (c) लकड़ी (d) ताँबा

**33.** (a) KJML (b) GFIH (c) TSVU (d) ZABY

**34** (a) 48 (b) 36 (c) 18 (d) 34

### उत्तरमाला

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 (b) | 2 (b) | 3 (b) | 4 (c) | 5 (a) |
| 6 (d) | 7 (d) | 8 (d) | 9 (a) | 10 (d) |
| 11 (d) | 12 (d) | 13 (a) | 14 (c) | 15 (c) |
| 16 (d) | 17 (d) | 18 (d) | 19 (c) | 20 (c) |
| 21 (b) | 22 (a) | 23 (a) | 24 (d) | 25 (d) |
| 26 (b) | 27 (d) | 28 (c) | 29 (d) | 30 (c) |
| 31 (d) | 32 (c) | 33 (d) | 34 (b) | |

# संकेत एवं हल

**1.** (b) वृत्त को छोड़कर, अन्य सभी में भुजाएँ होती हैं, जबकि वृत्त में कोई भुजा नहीं होती। अतः वृत्त अन्य से भिन्न है।

**2.** (b) टेरीन को छोड़कर, अन्य सभी प्राकृतिक रेशें हैं, जबकि टेरिन एक कृत्रिम रेशा है। अतः यह अन्य तीनों से भिन्न है।

**3.** (b) तरंग को छोड़कर, अन्य सभी ऊर्जा के अलग -अलग रूप हैं, जबकि तरंग में ऊर्जा नहीं होती है। अतः तरंग अन्य तीनों से भिन्न है।

**4.** (c) कोहिमा को छोड़कर, अन्य सभी भारत के राज्य हैं, जबकि कोहिमा नागालैण्ड राज्य की राजधानी है। अतः कोहिमा अन्य तीनों से भिन्न है।

**5.** (a) 'भूगोल' के अतिरिक्त अन्य सभी विज्ञान विषय है, जबकि भूगोल एक कला विषय है।

**6.** (d) स्वादहीन को छोड़कर, अन्य सभी में किसी-न-किसी स्वाद का पता चलता है, जबकि स्वादहीन में कोई स्वाद नहीं होता है। अतः स्वादहीन अन्य तीनों से भिन्न है।

**7.** (d) किन्नर को छोड़कर, अन्य सभी के लिंग का पता चलता है, जबकि किन्नर के लिंग का निर्धारण नहीं होता है। अतः किन्नर अन्य सभी से भिन्न है।

**8.** (d) टोली, समूह, भीड़ से आदमी के झुण्ड का बोध होता है वर्ग से नहीं। अतः वर्ग अन्य तीनों से भिन्न है।

**9.** (a) टमाटर को छोड़कर, बाकी सभी अर्थात् आलू, गाजर और प्याज जमीन के नीचे उगते हैं, जबकि टमाटर जमीन के ऊपर उगने वाली फसल है अतः यह अन्य तीनों से भिन्न है।

**10.** (d) मकान, अपार्टमेण्ट तथा भवन तीनों घर को कहते हैं, जबकि संस्था का मतलब घर नहीं होता। अतः संस्था अन्य तीनों से भिन्न है।

**11.** (d) A E F J (+4 +1 +4) ; K O P T (+4 +1 +4)
U Y Z D (+4 +1 +4) ; E H I L (+3 +1 +3)

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि EHIL अन्य तीनों से भिन्न है।

**12.** (d) PO को छोड़कर अन्य सभी दोनों अक्षरों का योग 27 है, अतः विकल्प (d) अन्य तीनों से भिन्न है।

**13.** (a) B F J ; R U Z
+4 +4 ; +3 +5
G J O ; I L Q
+3 +5 ; +3 +5

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि BFJ अन्य तीनों से भिन्न है।

**14.** (c) G E C ; P N L
−2 −2 ; −2 −2
V U S ; T R P
−1 −2 ; −2 −2

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि VUS अन्य तीनों से भिन्न है।

**15.** (c) A E G ; H L N
+4 +2 ; +4 +2
O S V ; V Z B
+4 +3 ; +4 +2

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि OSV अन्य तीनों से भिन्न है।

**16.** (d) 83 को छोड़कर अन्य सभी संख्या किसी-न-किसी से भाज्य हैं, जबकि 83 एक अभाज्य संख्या है।

**17.** (d) 28 को छोड़कर अन्य सभी संख्याएँ 3 की गुणज हैं, जबकि 28, 3 का गुणज नहीं है।

**18.** (d) $5 + 2 = 7 \Rightarrow 527$; $6 + 3 = 9 \Rightarrow 639$

$2 + 4 = 6 \Rightarrow 246$; $3 + 5 \neq 6$

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि 356 अन्य सभी से भिन्न है।

**19.** (c) 124 को छोड़कर, अन्य सभी संख्याएँ 3 की गुणज है, जबकि 124, 3 की गुणज नहीं है।

**20.** (c) (a), (b) एवं (d) में बाईं संख्या, दाईं संख्या से विभाजित नहीं होगी, जबकि (c) की बाईं संख्या 42 दाईं संख्या 3 से विभाजित हो जाती है, अतः विकल्प (c) सभी से भिन्न है।

**21.** (b) 18 R → 14 N (−4) ; 10 J → 7 G (−3)
21 U → 17 Q (−4) ; 14 N → 10 J (−4)

उपरोक्त से स्पष्ट है कि 'JG' अन्य सभी में भिन्न है।

**22.** (a) 'एसएमएस' को छोड़कर अन्य सभी डाकघर से सम्बन्धित है जबकि एसएमएस संचार का एक इलेक्ट्रिकल साधान है।

**23.** (a) '22' को छोड़कर अन्य सभी संख्या '3' से भाज्य है जबकि संख्या 22,3 से भाज्य नहीं है।

**24.** (d) विकल्प (d) के अतिरिक्त अन्य सभी विकल्पों के अक्षरों में एक-एक अक्षर कम हो रहा है जबकि विकल्प (d) में एक जगह पर दो अक्षर कम हो रहे हैं। अतः यह विषम पद है।

**25.** (d) '56-38' को छोड़कर अन्य सभी संख्या समूहों के मध्य 16 का अन्तर है जबकि 56-38 के मध्य 18 का अन्तर है।

**26.** (b) 'सरसों' को छोड़कर अन्य सभी खाद्यान्न फसलें हैं जबकि 'सरसों' एक तिलहन की फसल है।

**27.** (d) 'साइकिल' को छोड़कर अन्य सभी ईंधन से चलने वाले यातायात के साधन हैं जबकि 'साइकिल' को चलाने के लिए ईंधन की आवश्यकता नहीं होती है।

**28.** (c) A C E ; G I K
+2 +2 ; +2 +2
J L M ; S U W
+2 +1 ; +2 +2

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि JLM अन्य तीन विकल्पों से भिन्न है।

**29.** (d) 'गला' को छोड़कर अन्य सभी मानव शरीर के बाह्य संवेदी अंग हैं जबकि 'गला' त्वचा से ढँका हुआ आन्तरिक संवेदी अंग है।

**30.** (c) D C B ; N M L
−1 −1 ; −1 −1
P Q S ; T S R
+1 +2 ; −1 −1

अतः उपरोक्त से स्पष्ट है कि PQS अन्य तीनों विकल्पों से भिन्न है।

**31.** (d) 123 → 148 (+25) ; 139 → 164 (+25)
156 → 181 (+25) ; 177 → 201 (+24)

अतः उपरोक्त से स्पष्ट हे कि 177-201 अन्य तीनों विकल्पों से भिन्न है।

**32.** (c) 'लकड़ी' को छोड़कर अन्य सभी धातुएँ हैं।

**33.** (d)
K J M L ; G F I H
−1 +3 −1 ; −1 +3 −1
T S V U ; Z A B Y
−1 +3 −1 ; +1 +1 −3

अतः ZABY सबसे भिन्न है।

**34.** (b) '36' एक पूर्ण वर्ग संख्या है।